पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. – 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in

पत्र संख्या- 319/2024

प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ़

दिनांक- 13.10.20243

आजमगढ़ पुलिस द्वारा खोए हुए कुल 100 एण्ड्रायड मोबाइल फोन (कीमत लगभग 18 लाख रूपया) किया गया बरामद; वर्ष 2024 में अब तक कुल 818 एण्ड्रायड मोबाइल फोन (कीमत लगभग 01 करोड़ 29 लाख रूपया) बरामद कर स्वामियों को किये जा चुके है सुपुर्द ।

अवगत कराना है कि **हेमराज मीना, पुलिस अधीक्षक आजमगढ़** के निर्देशन में जनपद आजमगढ़ में नागरिकों के गुमशुदा/खोये हुए मोबाइल फोन बरामद किये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुमशुदा मोबाइल धारकों द्वारा सी0ई0आई0आर पोर्टल पर आनलाइन अपनी शिकायत दर्ज की जाती है, जिन्हे बरामद करने हेतु आशीष पाण्डेय सीसीटीएनएस प्रभारी जनपद आजमगढ़ को निर्देशित किया गया था।

➡ जनपद में माह फरवरी 2024 से गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें गुमशुदा मोबाइल धारकों द्वारा सी0ई0आई0आर पोर्टल पर आनलाइन अपनी शिकायत दर्ज की जाती है।

➡ आजमगढ़ पुलिस द्वारा माह फरवरी से अगस्त 2024 तक कुल 718 एण्ड्रायड मोबाइल फोन (कीमत लगभग 01 करोड़ 11 लाख रूपयें) बरामद कर मोबाइल फोन स्वामियों को सुपुर्द किये जा चुके है। जिसके क्रम में-

➡ **माह सितम्बर 2024** में आजमगढ़ पुलिस द्वारा जनपद में खोए हुए **कुल 100 एण्ड्रायड मोबाइल फोन (कीमत लगभग 18 लाख रूपया)** को सी0ई0आई0आर0 पोर्टल के माध्यम से बरामद किया गया हैं।

➡ आज दिनांक 13.10.2024 को **अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ग्रामीण चिराग जैन** द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन आजमगढ़ में बरामद एण्ड्रायड मोबाइल फोन को प्रत्येक स्वामियों को सुपुर्द किया गया हैं।

➡इस तरह **विगत 08 माह में कुल 818 एण्ड्रायड मोबाइल फोन (कीमत लगभग 01 करोड़ 29 लाख रूपये)** को बरामद कर मोबाइल फोन स्वामियों को सुपुर्द किया गया है।

आजमगढ़ पुलिस
vivo X90 Pro | ZEISS
Sparsh Thakur

आजमगढ़ पुलिस